# बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय

बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय प्राँगण, पटना – 800014

**BIHAR ANIMAL SCIENCES UNIVERSITY**

BIHAR VETERINARY COLLEGE CAMPUS, PATNA – 800014

**का०आ०सं०: 362 प्रशा० / कु०स० / बि०प०वि०वि०, पटना** **दिनांक 25/10/2023**

**F.No.-Admin.-प्रशा.–10 / विविध–01 / 18 / बि.प.वि.वि., पटना**

## कार्यालय आदेश

बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के द्वितीय प्रबंधन बोर्ड की बैठक में कार्यावली संख्या–1.2.3 पर लिये गये निर्णय तथा विश्वविद्यालय द्वारा जारी का.आ.सं.–361, ज्ञापांक–3732 दिनांक–08.12.2018, का.आ.सं.–270 ज्ञापांक–935 दिनांक–11.10.2019 एवं का. आ. सं.–249 ज्ञापांक–833 दिनांक–27.07.2023 को सामावेशित करते हुए विश्वविद्यालय के मुख्यालय / नियंत्रक कार्यालय / निदेशक कार्यालय / सभी संस्थान एवं महाविद्यालयों / केन्द्र एवं उपकेन्द्रों में माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवारीय अवकाश यथावत रखते हुए निम्न प्रकार से कार्यावधि आंशिक संशोधन के साथ निर्धारित किया जाता है:–

**(क)** माह मार्च से अक्टूबर तक कार्यावधि 9:00 बजे पूर्वाह्न से 5:00 बजे अपराह्न तक।

**(ख)** माह नवम्बर से फरवरी तक कार्यावधि 9:30 बजे पूर्वाह्न से 5:00 बजे अपराह्न तक।

**(ग)** मध्याह्न भोजनावकाश 1:30 बजे से 2:30 बजे अपराह्न तक।

**(घ)** वर्ष में कुल 14 आकस्मिक एवं 03 प्रतिबंधित अवकाश मान्य होंगे।

**2.** उपरोक्त कार्यालय आगम अवधि में अधिकतम विश्वविद्यालय द्वारा 10 (दस) मिनट का ग्रेस पीरियड प्रदान किया जाता है। ग्रेस पीरियड के बाद की उपस्थिति को विलम्ब से कार्यालय आगमन माना जायेगा। लगातार दो दिनों तक ग्रेस पीरियड के उपरान्त उपस्थिति के लिये एक दिन का आकस्मिक अवकाश की कटौती कर ली जायेगी। आकस्मिक अवकाश नहीं होने की स्थिति में उपार्जित अवकाश से कटौती कर ली जायेगी।

**3.** सभी पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मियों को बायोमैट्रिक (Biometric attendance) उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य है।

**4.** पूर्व में निर्गत सभी कार्यालय आदेशों को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

**5.** इस पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह० / –
कुलसचिव,
बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय,
पटना–14

**ज्ञापांक 1333 प्रशा० / कु०स० / बि.प.वि.वि., पटना** **दिनांक 25 / 10 / 2023**

**प्रतिलिपिः–** सभी अधिष्ठातागण / निदेशकगण / वित्त नियंत्रक / निदेशक, कार्य एवं संयंत्र / सम्पदा पदाधिकारी / सभी सहायक कुलसचिव (प्रशा० / नियुक्ति / शिक्षा एवं परीक्षा) / परीक्षा नियंत्रक / विधि पदाधिकारी / केन्द्रीय क्रय पदाधिकारी / जन–संपर्क पदाधिकारी / प्रभारी पदाधिकारी, अतिथि गृह / प्रभारी पदाधिकारी, वाहन शाखा / प्रभारी पदाधिकारी, सुरक्षा / कृषि विज्ञान केन्द्र, जमुई / सर्व–नियंत्री पदाधिकारी, आई०सी०टी०, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड करने के लिए आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25.10.23
कुलसचिव,
बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय,
पटना–14

**प्रतिलिपिः–** कुलपति के सचिव को माननीय कुलपति महोदय, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को सूचनार्थ हेतु समर्पित।